# 4 बड़े मुकाबलों का शानदार एक्शन

▶ जापान का ऐतिहासिक प्रदर्शन ▶ जापान बनाम ट्यूनीशिया (4-1)

**नई दिल्ली, 21 जून. मोंटेरी (मेक्सिको) में खेले गए फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप ए मुकाबले में जापान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ट्यूनीशिया को 4-1 से करारी शिकस्त दी. यह मुकाबला न केवल जापान की बड़ी जीत के रूप में याद रखा जाएगा, बल्कि इसे टूर्नामेंट के ऐतिहासिक मैचों में भी शामिल किया जा रहा है क्योंकि यह फीफा विश्व कप का 1000वां मैच था.**

मैच की शुरुआत बेहद तेज रही और जापान ने पहले ही मिनटों से आक्रामक खेल दिखाया. चौथे मिनट में डाइची कामाडा ने जापान के लिए इतिहास रचते हुए अब तक का सबसे तेज़ विश्व कप गोल दागा. उन्होंने कीटो नाकामुरा के बेहतरीन क्रॉस को करीब से गोल में बदलकर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी.



> ट्यूनीशिया की ओर से सिर्फ एक गोल हो सका, लेकिन वह मैच को प्रभावित करने के लिए काफी नहीं था. इस हार के साथ ट्यूनीशिया लगभग टूर्नामेंट से बाहर हो गया, जबकि जापान ने नॉकआउट चरण के लिए अपनी स्थिति मजबूत कर ली. जापान इस मैच में चार गोल करने वाला पहला एएफसी देश भी बन गया, जो उनके लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है. यह जीत जापान के आत्मविश्वास को और मजबूत करती है और उन्हें आगे के मुकाबलों में एक खतरनाक टीम बनाती है.

इसके बाद जापान ने अपना दबदबा बनाए रखा और पहले हाफ के लगभग आधे घंटे बाद अयासे उएदा ने शानदार लो ड्राइव शॉट लगाकर दूसरा गोल किया. इस गोल के साथ जापान ने 2-0 की मजबूत बढ़त बना ली और ट्यूनीशिया पर दबाव बढ़ा दिया.

ट्यूनीशिया की टीम वापसी की कोशिश करती रही लेकिन जापानी डिफेंस और मिडफील्ड ने उन्हें कोई बड़ा मौका नहीं दिया. दूसरे हाफ में भी जापान का आक्रमण जारी रहा और 69वें मिनट में जुन्या इतो ने बेहतरीन फिनिश के साथ तीसरा गोल दाग दिया. इसके बाद 83वें मिनट में उएदा ने एक शानदार हेडर के जरिए अपना दूसरा और टीम का चौथा गोल किया, जिससे मुकाबला पूरी तरह जापान के पक्ष में चला गया.

## फीफा ग्रुप स्टेज अंक तालिका

**समूह ए**
- मेक्सिको – 6
- दक्षिण कोरिया – 3
- चेकिया – 1
- दक्षिण अफ्रीका – 1

**समूह बी**
- कनाडा – 4
- स्विट्जरलैंड – 4
- बोस्निया और हर्जेगोविना – 1
- कतर – 1

**समूह सी**
- ब्राजील – 4
- मोरक्को – 4
- स्कॉटलैंड – 3
- हैती – 0

**समूह डी**
- यूएसए- 6
- ऑस्ट्रेलिया – 3
- पराग्वे – 3
- तुर्किये – 0

**समूह इ**
- जर्मनी – 6
- आइवरी कोस्ट – 3
- इक्वाडोर – 1
- कुरासाओ – 1

**समूह एफ**
- नीदरलैंड्स – 4
- जापान – 4
- स्वीडन – 3
- ट्यूनीशिया – 0

**समूह जी**
- न्यूज़ीलैंड – 1
- ईरान – 1
- बेल्जियम – 1
- मिस्र – 1



## चारों मैचों के टर्निंग पॉइंट्स

**जापान बनाम ट्यूनीशिया (4-1)**
- **टर्निंग पॉइंट :** मैच के 4वें मिनट में जापान का शुरुआती गोल।
- इतनी जल्दी बढ़त मिलने से ट्यूनीशिया पर पूरा दबाव आ गया और जापान ने मैच पर पकड़ बना ली।

**जर्मनी बनाम आइवरी कोस्ट (2-1)**
- **टर्निंग पॉइंट :** 68वें मिनट में जर्मनी का बराबरी का गोल।
- इस गोल ने मैच का रुख बदल दिया और आइवरी कोस्ट की लय टूट गई, जिसके बाद जर्मनी ने आखिरी मिनट में जीत हासिल कर ली।

**कुराकाओ बनाम इक्वाडोर (0-0)**
- **टर्निंग पॉइंट :** कुराकाओ के गोलकीपर का शानदार प्रदर्शन (15+ बचाव)।
- इक्वाडोर लगातार दबाव बनाता रहा, लेकिन गोलकीपर की बेहतरीन सेव ने मैच को गोलरहित बनाए रखा।

**नीदरलैंड्स बनाम स्वीडन (5-1)**
- **टर्निंग पॉइंट :** शुरुआती 17 मिनट में नीदरलैंड्स के 2 तेज गोल।
- इन गोलों ने स्वीडन को पूरी तरह



### जर्मनी बनाम आइवरी कोस्ट (2-1)

**उंदाव का शानदार प्रदर्शन**

टोरंटो में खेले गए ग्रुप मुकाबले में जर्मनी ने आइवरी कोस्ट को 2-1 से हराकर नॉकआउट चरण में जगह पक्की कर ली. मैच की शुरुआत में आइवरी कोस्ट ने बढ़त बनाई जब कप्तान फ्रैंक केसी ने 30वें मिनट में गोल किया. इसके बाद जर्मनी ने लगातार दबाव बनाया लेकिन पहले हाफ में उन्हें बराबरी नहीं मिल सकी. कई मौकों पर उनके हमले फाउल के कारण रोक दिए गए, जिससे स्कोर 1-0 रहा. दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी डेनिस उंदाव ने मैच का रुख बदल दिया.



### कुराकाओ बनाम इक्वाडोर (0-0)

**गोलकीपरों का शानदार प्रदर्शन**

कंसास सिटी में खेला गया ग्रुप ई मुकाबला कुराकाओ और इक्वाडोर के बीच गोल रहित ड्रॉ पर समाप्त हुआ. हालांकि मैच में गोल नहीं हुए, लेकिन दोनों टीमों के गोलकीपरों ने शानदार प्रदर्शन किया. इक्वाडोर के पास गेंद पर अधिक नियंत्रण था, लेकिन वे इसे गोल में बदलने में नाकाम रहे. वहीं कुराकाओ ने रक्षात्मक रणनीति अपनाई और मजबूत डिफेंस के दम पर मैच को संतुलित रखा. मैच का सबसे बड़ा आकर्षण गोलकीपरों का प्रदर्शन रहा, विशेषकर कुराकाओ के गोलकीपर ने 15 शानदार बचाव किए.



### नीदरलैंड्स बनाम स्वीडन (5-1)

**डच टीम का दबदबा**

ह्यूस्टन में खेले गए मुकाबले में नीदरलैंड्स ने स्वीडन को 5-1 से हराकर ग्रुप एफ में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया. मैच में ब्रायन ब्रॉबी और कोडी गैकपो ने दो-दो गोल किए मैच की शुरुआत में ही नीदरलैंड्स ने दबदबा बना लिया और ब्रॉबी ने 5वें और 17वें मिनट में दो तेज गोल कर दिए. इससे स्वीडन पर दबाव बढ़ गया. दूसरे हाफ में गैकपो ने 47वें और 54वें मिनट में लगातार दो गोल करके स्कोर 4-0 कर दिया. स्वीडन ने 59वें मिनट में एंथनी एलंगा के जरिए एक गोल जरूर किया, लेकिन वापसी संभव नहीं हो सकी.

### स्टेडियम की सफ़ाई पर देश में ही उठ रहे हैं सवाल

जापानी फ़ुटबॉल फ़ैन्स ने एक बार फिर फीफा वर्ल्ड कप में मैच के बाद कचरा इकट्ठा करके सबका ध्यान खींचा है. यह आदत विदेशों में तो जानी-पहचानी हो गई है, लेकिन जापान में इसे लेकर बहस भी छिड़ गई है. मैच के बाद समर्थकों के कचरे के बैग भरने की तस्वीरें ऑनलाइन काफ़ी वायरल हुई हैं, और हाल ही में फीफा ने सोशल मीडिया पर स्टैंड्स की सफ़ाई करने के लिए जापानी फ़ैन्स की तारीफ़ भी की है. लेकिन इस नई चर्चा ने कुछ जापानी कमेंटेटर्स को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि क्या स्टेडियम में दिखने वाला यह व्यवहार असल ज़िंदगी (मैदान के बाहर) में भी वैसा ही है. सोशल मीडिया पर लगभग 19 लाख बार देखी गई एक पोस्ट ने सफ़ाई से जुड़ी इस आम छवि पर सवाल उठाया.

# ऑस्ट्रेलिया ने किया क्लीन स्वीप

▶ बांग्लादेश को सात विकेट से हराया

**चटगांव, 21 जून ऑस्ट्रेलिया ने बंगलादेश को तीसरे टी 20 में रविवार को 54 गेंद शेष रहते सात विकेट से रौंद कर सीरीज को 3-0 से क्लीन स्वीप कर लिया.**

मो. तौहीद हृदोय (नाबाद 61) की अर्धशतकीय पारी की बदौलत बंगलादेश ने आठ विकेट पर 109 रनों का मामूली स्कोर बनाया. ऑस्ट्रेलिया ने 11 ओवर में तीन विकेट पर 112 रन बनाकर



एकतरफा जीत हासिल की. 60 रन बनाने वाले मिचेल मार्श को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया जबकि मैट रेनशॉ को प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला. मुश्किल पिच पर भी 109 रन का स्कोर काफी नहीं था और मिच मार्श ने पावरप्ले में ही मैच खत्म करके इस लक्ष्य का मज़ाक बना दिया. बंगलादेश ने दूसरे मैच में कड़ी टक्कर दी थी और पहले मैच में भी ठीक-ठाक खेले थे, लेकिन इस मैच में कोई मुकाबला ही नहीं हुआ. इस पिच पर वे अच्छे स्कोर से कम से कम 60-70 रन पीछे रह गए. कप्तान तौहीद हृदोय ने संघर्षपूर्ण अर्धशतक लगाकर अपनी टीम को 100 रन के पार पहुंचाया, लेकिन उन्हें किसी का साथ नहीं मिला, जबकि जॉनसन, एलिस और ज़म्पा ने दो-दो विकेट लेकर ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी की कमान संभाली.

# आईएसएल 2026-27 की शुरुआत चार सितंबर से

**नयी दिल्ली 21 जून अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने कहा कि इंडियन सुपर लीग 2026-27 सीजन की शुरुआत चार सितंबर से होगी. इसके साथ ही उन्होंने अपना नाम बदलकर फुटबॉल फेडरेशन ऑफ भारत रखने का प्रस्ताव रखा है.**

एआईएफएफ ने शनिवार को जारी विज्ञप्ति में कहा, ' चार सितंबर, 2026 को इंडियन सुपर लीग 2026-27 के शुभारंभ की तिथि भी निर्धारित की गई है. 2026-27 सत्र के लिए वार्षिक



कैलेंडर को भी मंजूरी दे दी गई है. इसके अलावा यह भी संकल्प लिया गया कि अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ का नाम बदलकर फुटबॉल महासंघ करने के लिए युवा मामले और खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) को एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए. '

# ब्राजील के राष्ट्रपति ने नेमार का उड़ाया मजाक

**ब्राज़ील, 21 जून.** ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने स्टार फुटबॉलर नेमार जूनियर का मजाक उड़ाया है। उन्होंने नेमार को दुनिया का पहला वर्क फ्रॉम होम नेशनल प्लेयर बताया है. एक कार्यक्रम में राष्ट्रपति लूला बच्चों से बातचीत कर रहे थे. इस दौरान एक बच्चे ने नेमार को ब्राजील का बेस्ट खिलाड़ी बताया. इसपर लूला ने हंसते हुए कहा, नेमार तो खेल ही नहीं रहे हैं, वह दुनिया के पहले वर्क फ्रॉम होम नेशनल प्लेयर है.




# इंडिया-ए ने त्रिकोणीय सीरीज जीती श्रीलंका ए को 66 रन से दी शिकस्त

दांबुला 21 जून। इंडिया-ए ने फाइनल में श्रीलंका-ए को 66 रन से हराकर ट्राई सीरीज अपने नाम कर ली। इंडिया-ए ने दांबुला में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 9 विकेट पर 377 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका-ए 47.1 ओवर में 311 रन पर सिमट गई।

भारत की जीत के हीरो 15 साल के वैभव सूर्यवंशी रहे। उन्होंने सिर्फ 29 गेंदों पर 94 रन की पारी खेली। 10 चौके और 8 छक्के भी लगाए। वैभव ने महज 11 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 50 ओवर क्रिकेट की सबसे तेज फिफ्टी का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। कप्तान तिलक वर्मा ने 67, ऋतुराज गायकवाड ने 40 और अनुकूल रॉय ने 15 गेंदों पर 39 रन का योगदान दिया।

### श्रीलंका-ए की शुरुआत खराब रही

378 रन का पीछा करने उतरी श्रीलंका-ए की शुरुआत खराब रही। टीम के लिए वनुजा सहान ने सबसे ज्यादा 62 रन बनाए। सदीरा समरविक्रमा ने 52 रन की पारी खेली। भारत-ए के लिए यश ठाकुर और विप्रज निगम ने 3-3 विकेट लिए।

### उतार-चढ़ाव भरा रहा भारत का सफर

इंडिया-ए का ट्राई सीरीज में सफर उतार-चढ़ाव भरा रहा, लेकिन टीम ने फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। भारत-ए ने अपने पहले मैच में श्रीलंका-ए को 8 रन से हराया, जबकि दूसरे मुकाबले में अफगानिस्तान-ए से 4 रन से हार गई।

# इंग्लैंड दौरे के लिए सर्वश्रेष्ठ एकादश बनाने का प्रयास करेंगे

**चेन्नई, 21 जून भारत के कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि एक जुलाई से शुरु हो रहे इंग्लैंड दौरे के लिए चयनित टीम से अपनी सर्वश्रेष्ठ एकादश बनाने का प्रयास करेंगे.**

अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज वनडे सीरीज में 3-0 से मिली जीत के बाद कहा, 'जब इतने खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हों तो यह एक अच्छा सिरदर्द होता है. इसलिए हम इंग्लैंड दौरे के लिए (पांच टी20 और तीन वनडे मैचों की सीरीज एक जुलाई से शुरू



होगी) वनडे टीम को देखेंगे और अपना सर्वश्रेष्ठ एकादश चुनेंगे. हमें यह भी देखना होगा कि सभी खिलाड़ियों की फ़िटनेस कैसी है. अगर सभी फ़िट हैं तो जैसा मैंने कहा, टीम घोषित होगी और उसके बाद हम उपलब्ध खिलाड़ियों के आधार पर सबसे मज़बूत एकादश बनाने की कोशिश करेंगे. '

# रोहित ने द्रविड़ को पीछे छोड़ा

**नई दिल्ली.** भारत ने चेन्नई में खेले गए तीसरे वनडे में अफगानिस्तान को 9 विकेट से हराकर सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली. 218 रन का पीछा करते हुए टीम इंडिया ने 128 गेंद रहते मैच खत्म कर दिया. यह वनडे क्रिकेट में भारत का सबसे तेज 200 या उससे ज्यादा रन का रनचेज है. शनिवार को कई मोमेंट्स और रिकॉर्डस देखने को मिले. कप्तान शुभमन गिल को छठी बार प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया. रोहित शर्मा ने राहुल द्रविड़ को पीछे छोड़ दिया.

# भारत ने पाकिस्तान को हराकर जीता खिताब

**सारावाक (मलेशिया) 21 जून. भारत के अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार की जोड़ी ने रविवार को हुए एशियन युगल स्क्वैश चैंपियनशिप 2026 के फ़ाइनल में पाकिस्तान के नासिर इक़बाल और नूर ज़मान को हराकर अपने पुरुष युगल का खिताब सफलतापूर्वक बचाया.**

पहला गेम हारने के बावजूद, टॉप सीड अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार ने वापसी की और 47 मिनट तक चले फ़ाइनल में दूसरी सीड वाली नासिर इक़बाल और नूर ज़मान की



जोड़ी को 2-1 (7-11, 11-7, 11-2) से हराया. भारतीय जोड़ी ने पिछले साल भी एशियन युगल स्क्वैश चैंपियनशिप के फाइनल में नूर जमान और नासिर इकबाल की जोड़ी को हराया था. एशियन गेम्स में कांस्य पदक जीतने वाले अभय सिंह और मिश्रित टीम वर्ल्ड कप विजेता वेलावन सेंथिलकुमार ने दक्षिण कोरिया और हांगकांग चीन की टीमों के ख़िलाफ़ जीत हासिल करके पूल ए में शीर्ष पर रहते हुए अपने पुरुष युगल अभियान की शुरुआत की.

**मुकाबला** ▶ न्यूज़ीलैंड को 2-0 से हराकर जीता मैच

# भारतीय हॉकी टीम ने जीता नेशंस कप का खिताब

**ऑकलैंड 21 जून. भारतीय हॉकी टीम ने रविवार को एफआईएच महिला नेशंस कप 2025-26 के फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए मेजबान न्यूज़ीलैंड को 2-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया.**

आज यहां नॉर्थ हार्बर नेशनल हॉकी सेंटर में खेले गये खिताबी मुकाबले में दुनिया की नंबर 10 टीम न्यूज़ीलैंड के खिलाफ भारत (जो वर्ल्ड हॉकी रैंकिंग में नौवें नंबर पर है) के लिए नवनीत कौर ने (4वें मिनट) और सुनेलिता टोप्पो ने(15वें मिनट) ने गोल किए. भारतीय टीम ने चार साल



बाद यह खिताब जीता है. शुरुआत में संभलकर खेलने के बाद, अनुभवी स्ट्राइकर नवनीत कौर ने मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर गोल में बदलकर शुरुआती पाँच मिनटों में ही भारत को बढ़त दिला दी.

बढ़त मिलने के बाद, भारतीय महिला हॉकी टीम ने खुलकर खेला. उन्होंने पहले क्वार्टर में चार और पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए और उनमें से आखिरी वाले पर फिर से गोल किया. सुनेलिता टोप्पो ने ड्रैग-फ्लिक को डिफ्लेक्ट करके भारत को दो गोल की बढ़त दिला दी.

> भारत ने पहले क्वार्टर में पूरी तरह दबदबा बनाए रखा; उन्होंने आठ बार विपक्षी सर्कल में घुसपैठ की और कुल पांच पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए. दूसरे क्वार्टर में विपक्षी टीम ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया, लेकिन इस दौरान भी सलीमा टेटे और उनकी टीम का ही दबदबा रहा. भारत हाफ़-टाइम ब्रेक तक 2-0 से आगे था. तीसरे क्वार्टर में न्यूज़ीलैंड ने तेजी दिखाई और मैच में वापसी करने की कोशिश में ज़्यादा आक्रामक खेल दिखाया.

# मैथ्यूज ने श्रीलंका को झकझोरा

**ब्रिस्टल, 21 जून.** वेस्टइंडीज ने रविवार को ब्रिस्टल के काउंटी ग्राउंड में श्रीलंका के खिलाफ महिला टी 20 वर्ल्ड कप में अपनी लगातार तीसरी जीत दर्ज करके सेमीफाइनल के लिए अपनी दावेदारी मजबूत कर ली। नई गेंद से हेली मैथ्यूज के तीन विकेटों ने श्रीलंका की पारी को शुरुआत में ही लड़खड़ा दिया और वे कभी भी इससे उबर नहीं पाए. हालांकि लक्ष्य का पीछा करते हुए उन्हें कुछ मुश्किलों का सामना करना पड़ा, लेकिन वेस्टइंडीज ने 99 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया. पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की टीम शुरुआत से ही घबराई हुई और परेशान दिखी.

# कोहली और बुमराह इंग्लैंड दौरे के लिए टीम में

**मुंबई, 21 जून इंग्लैंड के ख़िलाफ़ होने वाली वनडे सीरीज़ के लिए भारतीय टीम में विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और अक्षर पटेल की वापसी हुई है. कोहली का चयन फ़िटनेस पर आधारित है. अगर वह पूरी तरह से मैच फ़िट होते हैं, तो वह इस सीरीज़ में हिस्सा लेंगे. हालांकि रवींद्र जडेजा अभी भी टीम में वापस नहीं आए हैं. बीसीसीआई ने इंग्लैंड के ख़िलाफ़ होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज़ के लिए रविवार को भारतीय टीम का ऐलान कर दिया.**

हालांकि अफ़ग़ानिस्तान के ख़िलाफ़ चेन्नई में खेले गए तीसरे वनडे के शतकवीर यशस्वी जायसवाल को भारतीय टीम में



जगह नहीं मिली है. साथ ही भारत की तरफ़ से शानदार डेब्यू करने वाले हर्ष दुबे और प्रिंस यादव भी टीम का हिस्सा नहीं हैं. वहीं, गुरनूर बराड़ को भारतीय टीम में बरक़रार रखा गया है. इन तीनों बाहर होने वाले खिलाड़ियों की जगह कोहली, बुमाराह और अक्षर को मौक़ा दिया गया है. टीम में वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर, नीतीश कुमार रेड्डी जैसे ऑलराउंडर एवं स्पिन विकल्प मौजूद हैं.

> तेज़ गेंदबाज़ी आक्रमण की ज़िम्मेदारी जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह और गुरनूर बराड़ संभालेंगे. इस बीच, बीसीसीआई ने यह भी जानकारी दी कि वरुण चक्रवर्ती बाएं पैर की चोट से उबर रहे हैं और फ़िलहाल बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में रिहैब कर रहे हैं. इसी वजह से वह आयरलैंड के ख़िलाफ़ टी20 सीरीज़ से बाहर हो गए हैं. सीरीज़ का पहला मुक़ाबला 14 जुलाई को एजबेस्टन में भारतीय समयानुसार दोपहर 3:30 बजे से खेला जाएगा.